प्रेस नोट संख्या - 46

दिनांक 29.03.2026

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना अमेठी पुलिस एवं क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक द्वारा बरामद किया गया अवैध संग्रहित कुल 1400 लीटर डीजल।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में दिनांक 28.03.2026 को थाना अमेठी पुलिस एवं क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक श्री शुभम द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन के दौरान ग्राम गनेश का पुरवा ग्राम पंचायत भरेथा विकास खण्ड भेटुआ थाना व जनपद अमेठी में दयाराम पुत्र जगन्नाथ के घर के पीछे एक ट्रॉली पर 04 छोटे डिब्बों, 01 पानी की टंकी व 04 ड्रमों में कुल 1400 लीटर डीजल बरामद हुआ। पूछताछ में दयाराम ने बताया कि यह डीजल उन्होंने खरीद कर ट्रैक्टर व कम्बाइन मशीन चलाने के लिये संग्रह किया है। इतनी अधिक मात्रा में भण्डारण अवैधानिक है, बरामदगी के आधार पर थाना अमेठी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

बरामदगी –

अवैध संग्रहित 1400 लीटर डीजल।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 65/26 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम थाना व जनपद अमेठी।

पुलिस टीम-

1. श्री रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 शस्त्राजीत प्रसाद थाना अमेठी जनपद अमेठी।
3. हे0का0 योगेश सिंह थाना अमेठी जनपद अमेठी।

खाद्य एवं रसद विभाग -

- श्री शुभम क्षेत्रीय आपूर्ति निरीक्षक अमेठी।